खंड: 6, अंक: 6 जून 2023 DELHIN/2021/84711

संश्लेषण

सी जी एस मासिक पत्रिका

जनजातीयता बनाम संजातीयता: पूर्वोत्तर आरक्षण, आंदोलन एवं अतिक्रमण

Aiming High, Touching Sky

सी जी एस
वैश्विक अध्ययन केंद्र
(पूर्वकालिक विकासशील राज्य शोध केंद्र)
दिल्ली विश्वविद्यालय

संपादक

प्रोफेसर सुनील कुमार

निदेशक, वैश्विक अध्ययन शोध केंद्र (पूर्वकालिक विकासशील राज्य शोध केंद्र, डीसीआरसी) एआरसी बिल्डिंग गुरु तेग बहादुर मार्ग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007

ई-मेल आई डी: director@cgs.du.ac.in

प्रोफाइल लिंक: https://cgs.du.ac.in/directorMessage.html

संपादक मंडल

डॉ रमेश कुमार भारद्वाज

सहायक आचार्य, सरकारी पी.जी कॉलेज, जीवाजी विश्वविद्यालय, श्योपुर पाली रोड, मध्य प्रदेश, पिन कोड-476337
संयुक्त निदेशक, वैश्विक अध्ययन शोध केंद्र (पूर्वकालिक विकासशील राज्य शोध केंद्र, डीसीआरसी) एआरसी बिल्डिंग गुरु तेग बहादुर मार्ग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007

ई-मेल आई डी: rkbhardwaj1@cgs.du.ac.in

प्रोफाइल लिंक: https://www.mphighereducation.nic.in

डॉ महेश कौशिक

सहायक आचार्य, श्री अरबिंदो कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, शिवालिक, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017
अध्येता, वैश्विक अध्ययन शोध केंद्र (पूर्वकालिक विकासशील राज्य शोध केंद्र, डीसीआरसी) एआरसी बिल्डिंग गुरु तेग बहादुर मार्ग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007

ई-मेल आई डी: mkaushik@cgs.du.ac.in

प्रोफाइल लिंक: https://www.aurobindo.du.ac.in

डॉ संध्या वर्मा

एसोसिएट प्रोफेसर, श्यामलाल कॉलेज (सांध्य), दिल्ली विश्वविद्यालय, जी. टी. रोड, शाहदरा, दिल्ली-110032
अध्येता, वैश्विक अध्ययन शोध केंद्र (पूर्वकालिक विकासशील राज्य शोध केंद्र, डीसीआरसी) एआरसी बिल्डिंग गुरु तेग बहादुर मार्ग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007

ई-मेल आई डी: sverma@shyamlale.du.ac.in

प्रोफाइल लिंक: https://shyamlale.du.ac.in/wp-content/uploads/2021/11/sandhya-Verma-Political-Science.pdf

डॉ अभिषेक नाथ

सहायक आचार्य, एमएलटी कॉलेज, सहरसा; बी एन मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा, बिहार।

ई-मेल आई डी: tuesdaytrack@gmail.com

प्रोफाइल लिंक: https://bpsm.bihar.gov.in/Assets2022/AssetDetails.aspx?P1=2&P2=12&P3=239&P4=3

© सीजीएस2024

संश्लेषण

जनजातीयता बनाम संजातीयताः पूर्वोत्तर आरक्षण आंदोलन एवं अतिक्रमण

अनुक्रमिका

संपादकीय

1. नृजातीय पहचान और प्रतिस्पर्धी अस्तित्व
   — अभिषेक नाथ 1—4
2. "जले'न—गाम" मणिपुर में कुकी मातृभूमि की मांगः कुकी स्वायत्तता से संबंधित प्रमुख मुद्दे और चुनौतियाँ — रमेश चौधरी 5—13
3. जनजातीय अस्मिता व सांस्कृतिक संघर्षः मणिपुर के संदर्भ में
   — सृष्टि 14—17
4. संविधान की छटी अनुसूची व समावेशिताः उत्तर—पूर्वी राज्यों के विशेष संदर्भ में
   — नरेंद्र कुमार 18—21
5. पूर्वोत्तर भारत में जनजातीय समुदाय : आरक्षण, प्रवासन और अतिक्रमण की चुनौतियां
   — अमित प्रताप जटिया 22—28

सम्पादकीय

वैश्विक अध्ययन केंद्र, दिल्ली विश्वविधालय की हिन्दी मासिक पत्रिका संश्लेषण के प्रकाशन की निरंतरता को बनाए रखते हुए इसके इस 59वें अंक को आप सभी सुधी पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए अपार हर्ष हो रहा है। यह पत्रिका अपने उद्देश्य के अनुरूप समसामयिक विषयों पर विधार्थीयों एवं शोधार्थीयों के वैचारिक प्रकटीकरण को निरंतर मंच प्रदान करती रही है। यह हिंदी भाषा में लेखन एवं प्रकाशन मे व्याप्त रिक्तता को समाप्त करने में अपना अमूल्य योगदान बनाए हुए है।

पूर्वोत्तर भारत के जटिल सामाजिक–राजनीतिक परिदृश्य में, जनजातीयता व संजातीयता के मध्य तनाव एक बहुआयामी चुनौती प्रस्तुत करता है। इस क्षेत्र की विविध जनसांख्यिकीय क्षेत्र में विभिन्न जनजातियाँ हैं, जिनमें से प्रत्येक की भिन्न–भिन्न भाषाएँ, रीति–रिवाज व सांस्कृतिक प्रथाएँ हं। इन आदिवासी समुदायों की रक्षा व संवर्धन के उद्देश्य से बनाई गई आरक्षण नीतियों ने प्रायः विवाद व संघर्ष को जन्म दिया है।

आरक्षण नीतियों को प्रारंभ में स्वदेशी जनजातियों के अधिकारों की रक्षा के लिए तैयार किया गया था, जिससे कि शिक्षा, रोजगार व शासन में उनका प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके। तथापि, इन नीतियों के कार्यान्वयन से कभी–कभी अनपेक्षित परिणाम सामने आए हैं। उदाहरण के लिए, आरक्षण प्रणाली ने कभी–कभी गैर–आदिवासी समुदायों के मध्य बहिष्कार की भावनाओं को बढ़ाया है, आक्रोश को बढ़ावा दिया है तथा सामाजिक अशांति में योगदान दिया है। अंतर्निहित मुद्दा मात्र संसाधनों के आवंटन के बारे में नहीं है, अपितु बहुलवादी समाज के अंतर्गत निष्पक्षता व समानता की धारणा को भी इंगित करता है।

आदिवासी क्षेत्रों में बाहरी लोगों द्वारा अतिक्रमण परिदृश्य और अधिक विवादास्पद बन जता है। क्योंकि यह विषय मात्र भूमि के बारे में नहीं है, अपितु आदिवासी संस्कृतियों व पारंपरिक जीवन शैली के क्षरण के बारे में भी है। इन क्षेत्रों में गैर–आदिवासी व्यक्तियों के आने से प्रायः संसाधनों व अवसरों के लिए प्रतिस्पर्धा होती है, जिससे विभिन्न समुदायों के मध्य टकराव होता है। चुनौती आदिवासी अधिकारों को बनाए रखने तथा सामंजस्यपूर्ण अंतर–जातीय संबंधों को बढ़ावा देने के मध्य संतुलन बनाने में है। इस जटिल क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए, ऐसी नीतियों को अपनाना महत्वपूर्ण है जो क्षेत्र के ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक संदर्भ के प्रति संवेदनशील हों। आपसी समझ

को बढ़ावा देना तथा यह सुनिश्चित करना कि आरक्षण प्रणाली निष्पक्ष व पारदर्शी दोनों हो, संघर्षों को कम करने में सहायता कर सकता है। जैसे–जैसे उत्तर–पूर्व भारत विकसित होता जा रहा है, आदिवासीवाद व संजातीयता के प्रति एक सूक्ष्म दृष्टिकोण स्थायी शांति और विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक होगा।

प्रस्तुत अंक में प्रकाशित समस्त लेख मौलिक है तथा संपादकीय मंडल ने इनकी मौलिकता को किसी भी रूप में प्रभावित एवं परिवर्तित करने का प्रयास नहीं किया है। आप समस्त पाठकों द्वारा इस अंक के संबंध मे प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर हम संश्लेषण के आगामी अंकों में और अधिक गुणवत्ता लाने का प्रयास निरंतर करते रहेंगे।

संपादक मंडल शुक्रवार, 14 जुलाई 2023



नृजातीय पहचान और प्रतिस्पर्धी अस्तित्व

अभिषेक नाथ

सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान विभाग, एम. एल.टी. महाविधयालय, सहरसा, बिहार

नृजातीय पहचानों को उपयुक्त मान्यता देते हुए उनकी सामाजिक–सांस्कृतिक अस्तित्व को सुरक्षित रखना भारतीय संघ की एक प्रमुख चुनौती और उपलब्धि रही है। विशेषकर उत्तर–पूर्वी राज्यों में यह मुद्दा बहुत संवेदनशील रहा है जो कई नृजातीय और जनजातीय समुदायों का निवास क्षेत्र है। किन्तु प्रतिस्पर्धी दावे–प्रतिदावे और बाह्य हस्तक्षेप के प्रभाव से यह क्षेत्र हमेशा ही जनजातीय झगड़ों का केंद्र बना रहा है जिसका सफल निस्तारण एक चुनौती बनी हुई है।

एतिहासिक परिप्रेक्ष्य

स्मरणीय है कि ब्रिटिश सरकार ने ज्यादा से ज्यादा भू–क्षेत्रों से कृषि लगान वसूल करने के लिए कई जनजातीय इलाकों में भी हस्तक्षेप किया तथा कुछ जनजातियों को संतुलित करने के लिए अन्य जनजतियो को उनके इलाके में बसने के लिए प्रेरित करने की नीति को भी अपनाया। जिसके परिणामस्वरूप जनजातियों के बीच कृषि गतिविधिओं तथा उनके उत्पाद और साथ ही वासक्षेत्र के लिए संघर्ष शुरू हो गया।

भारत का उत्तर–पूर्वी क्षेत्र विशेषकर पड़ोसी देशों से न केवल नृजातीय पहचान बल्कि एक लम्बी सीमान्त भी साझा करते है जो आसानी से प्राकृतिक रूप से आवागमन के लिए खुले हुए है। परिणामस्वरूप पड़ोसी देशों में किसी तरह की समस्या होने पर वहां से कई समुदाय भारत की ओर रुख कर लेते है। साथ ही ब्रिटिश शासन काल से ही कुछ जनजातियों ने आधुनिक शिक्षा और प्रशासन में भाग लेकर खुद को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जिससे वे अन्य समुदायों से आगे निकल गए।

उपरोक्त कारण इस क्षेत्र में आपसी पहचान और अस्तित्व के संरक्षण के लिए प्रतिस्पर्धा के मूल कारण हैं। ब्रिटिश भारत में 'इनर लाइन परमिट' व्यवस्था के तहत जनजातीय/पहाड़ी इलाकों को अन्य लोगों के हस्तक्षेप से दूर रखा गया और आजाद भारत के संविधान में भी कुछ इसी तरह

की व्यवस्था अनुसूचित क्षेत्रों की पहचान के द्वारा की गई। लेकिन यह भी एक तथ्य है कि एक ही क्षेत्र में कई अलग–अलग जनजातियाँ निवास करती हैं और उनके बीच पूर्वोक्त वर्णित कारणों से आपसी संघर्ष देखा जाता रहा है। नागा और कूकी के बीच पूर्व में सघर्ष इसका एक उदाहरण है। जिसका फायदा कई बार बाह्य देश भी उठाते हैं और हथियारों से सहायता कर उग्रवाद को भी बढ़ावा देते हैं। चीन में एक दलीय सरकार और म्यामांर में सैनिक तानाशाही के कारण यह समस्या और बढती है। साथ ही इन जनजातियो की विभिन्न धार्मिक पहचान का इस्तेमाल भी पड़ोसी देश अपने क्षुद्र हितों की पूर्ति और भारत में आतंरिक अशांति फैलाने के लिए करते है।

मणिपुर में नृजातीय संघर्ष

मणिपुर में वर्तमान में फैली हिंसा को इसी सन्दर्भ में देखा जा सकता है, जहाँ मैतेई समुदाय (ज्यादतर हिन्दू धर्मावलम्बी) विकास के पथ पर आगे निकल गया है किन्तु कूकी जनजातीय समुदाय (ज्यादतर क्रिस्चियन और मुस्लिम) विकास के पथ में पीछे रह गए हैं। इनकी प्रतिस्पर्धा पहले नागालैंड में निवास करने वाले नागा जनजातीय लोगों से भी रही है। हाल के समय में मैतेई समुदाय जो अभी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में है खुद के लिए अनुसूचित जनजाति (एसटी) की पहचान दिए जाने के लिए मांग कर रही है जिसका विरोध राज्य के पहाड़ी इलाकों में रह रहे कूकी समुदाय कर रही है जिसे नागा जनजातियो का भी मौन समर्थन प्राप्त होता प्रतीत हो रहा है जबकि पूर्व में नागा और कूकी समुदाय के बीच भी वासक्षेत्र को लेकर हिंसक संघर्ष होते रहे हैं। मैतेई लोगों को इससे पहाड़ी इलाकों में भी भूमि क्रय करने और बसने की छुट मिलेगी। मणिपुर की जनसँख्या का 60 प्रतिशत मैतेई समुदाय केवल 10 प्रतिशत घाटी के इलाकों में रह रहे हैं। बढती जनसँख्या और विकास को देखते हुए मैतेई अपने लिए अधिक वासक्षेत्र की खोज में हैं। जबकि करीब 24 प्रतिशत नागा और 16 प्रतिशत कूकी–मिजो जनजाति शेष पहाड़ी इलाकों में वास करती है। कूकी मुख्य रूप से परंपरागत स्थान्तरित कृषि करते है और छोटे छोटे समूहों में अपनी जनजातीय रिवाजों के तहत रहते हैं।

जहाँ मैतेई और नागा इस क्षेत्र के मूल निवासी माने जाते है वही कूकी जो भारत के उत्तर–पूर्वी, म्यामांर और बांग्लादेश के पहाड़ी इलाकों की सबसे बड़ी जनजाति है जिसे मणिपुर–नागालैंड के क्षेत्रों में बसने के लिए अंग्रेजों ने प्रोत्सहित किया था। जो मूल रूप से म्यामांर से सम्बन्ध रखती है किन्तु यह मिजो भाषा परिवार से संबंध होने के कारण मिजो–चीन–कूकी को एकसाथ 'जो' जनजाति भी कहा जाता है।

म्यामांर की सैनिक शासन में कूकी जनजातियो पर धार्मिक आधार पर (क्रिस्चियन होने के कारण) पर हिंसा होती रही है जिसके कारण ये लोग बड़े पैमाने पर अवैध प्रवासी के रूप में मणिपुर के स्थानीय कूकी लोगों से समानता के कारण आसानी से मिल जाते है। जो हथियारबंद होकर म्यामांर के विरुद्ध भी हिसंक गतिविधि में शामिल रहते हैद्य इन्हें अफीम की खेती और व्यापार से भी जोड़ा जाता है। यद्यपि कूकी जनजाति के नेता इन दोनों ही आरोपों को सही नहीं मानते है।

नृजातीय संघर्ष और आधुनिक राज्य की बाध्यताएं

कुछ तो राजनीतिक लामबंदी और कुछ बाहरी हितों के हस्तक्षेप के कारण भी वर्तमान में दोनों समुदायों के बीच एक हिंसक संघर्ष जारी है। जिसमे राज्य भी बहुत निष्पक्षता से कार्य करता नहीं दिख रहा है।

मणिपुर में हिंसक संघर्ष के मध्य ज्यादतर नेता अपने अपने समुदाय के पक्ष में खड़े है और दूसरों को लेकर संदेहास्पद है। मणिपुर के मुख्यमंत्री पर भी मैतेई समुदाय से होने के कारण उनका पक्ष लेने की बात कही जा रही है। दूसरी तरफ केंद्र सरकार की तरफ से त्वरित और पर्याप्त प्रयास नहीं किये जाने को संदेहास्पद रुप से देखा जा रहा है। इस संघर्ष के तात्कालिक कारण भले ही मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति घोषित करने की मांग हो लेकिन उत्तर–पूर्वी राज्यों के विशेषज्ञों का मानना है कि यह वास्तव में पहाड़ी इलाकों में राज्य के बढ़ते हस्तक्षेप जिससे पारंपरिक कृषि पर पाबन्दी और वास क्षेत्रों की कमी एक मुख्या कारण है जिससे कि कूकी जनजाति प्रभावित हो रही है। दूसरी तरफ मणिपुर न केवल वृहत नागालैंड की मांग में मणिपुर के इलाकों के लिए दावे से बल्कि पहाड़ी इलाकों में भी अवैध प्रवासी कूकी जनजातिओं की बढती संख्या से चिंतित है।

अभी हाल के दशक में उत्तर–पूर्वी राज्यों में जनजातीय इलाकों के लिए संघर्ष में कमी देखी गयी थी जिसमे की 1980 के दशक में ही मिजो समझौता और हल के वर्षों में एनएससीएन (आई.एम.) के साथ केंद्र सरकार की सफल वार्ता का योगदान रहा है। साथ ही पिछले कुछ वर्षों में विवादस्पद आफ्स्पा कानून (आर्म्ड फोर्सेस स्पेशल पॉवर एक्ट 1958) को भी उत्तर पूर्वी राज्यों के बड़े हिस्से से हटा लिया गया है जिसकी हमेशा से मांग होती रही है क्योंकि यह सेना को असीमित अधिकार प्रदान करता है।

किन्तु म्यामांर से निष्कासित कूकी समुदाय के भारत की कूकी समुदाय के साथ बढ़ते सहयोग ने राज्य को उनके प्रति एक संदेहास्पद नजरिये से देखने को प्रेरित किया है। यही कारण है की

मणिपुर में भी अब राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (एनआरसी) की मांग की जा रही है। यह बात काफी महत्वपूर्ण है की जहाँ शेष भारत में एनआरसी का विरोध होता रहा है वही उत्तर–पूर्वी राज्यों में इसकी हमेशा ही मांग होती रही है। जिससे राज्य को भी अपने ही नागरिकों पर संदेह करने का अवसर भी प्राप्त होता है। यद्यपि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए राज्य का अधिकार हमेशा ही सुरक्षित है।

यह भी ध्यान रखना महतवपूर्ण है कि सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए भारतीय राज्य द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी के रूप में जनसंख्या की पहचान सदैव ही सैद्धांतिक और नीतिगत रूप से भी विरोधाभाषों से घिरी रही है। जिसके कारण सामाजिक न्याय द्वारा संरक्षित एक विशिष्ट वर्ग का जन्म हुआ है जो इस सुविधा पर अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानकर इसके किसी भी तरह के तार्किक समीक्षा का पुरजोर विरोध करते है जिसमें विभिन्न राजनितिक दलों के अपने हित भी सिद्द होते है। हालाँकि यह एक पूर्णतः अलग चर्चा का मुद्दा है।

हमें यह भी समझना होगा कि प्रकृतिक रूप से यह पूरा क्षेत्र जिसमें म्यामांर का पश्चिमी और बांग्लादेश का पहाड़ी इलाका भी शामिल है। शुरू से ही जनजातीय गतिविधिओं का क्षेत्र रहा है किन्तु उत्तर–औपनिवेशिक राज्यों की अधिक से अधिक समरूपता हासिल करने की चाह और इस प्रक्रिया में सीमाओं पर रहने वाले लोगों को अक्सर संदेह की निगाह से देखने की प्रवृति ने राज्यों को एक तर्कसंगत व्यवहार करने से रोका है। अतः आवश्यकता है कि आधुनिक राज्य की कठोर सीमाओं की संकल्पना से आगे बढ़कर सोचा जाये और साथ ही यह भी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि जातीय पहचान और संसाधनों पर अधिकार को किस प्रकार संतुलित किया जाए। आवश्यकता है कि केंद्र और राज्य सरकार तथा प्रतिस्पर्धी समुदायों के नेतृत्वकर्ता मिलकर दोनों समुदायों के हितों की रक्षा करें और बाहरी हस्तक्षेप को भी समाप्त करें। नहीं तो यह समस्या उत्तर–पूर्व के अन्य संवेदनशील इलाकों में भी फैल सकती है जिसका लाभ चीन, बांग्लादेश और म्यामांर जैसे पड़ोसी देश उठा सकते हैं।

♦♦♦♦♦

2

"जले'न–गाम" मणिपुर में कुकी मातृभूमि की मांगः कुकी स्वायत्तता से संबंधित प्रमुख मुद्दे और चुनौतियाँ

रमेश चौधरी

शोधार्थी, अफ्रीकी अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

मणिपुर में कुकी–जोमी जनजातियों और मैतेई समुदाय के बीच हाल ही में हुए जातीय संघर्ष व हिंसा के मध्य राज्य के दस कुकी विधायकों ने 'भारतीय संविधान के तहत पृथक प्रशासन' की मांग की है। उनके अनुसार कुकी समुदाय अब मणिपुर के अंतर्गत अस्तित्व में नहीं रह सकता है, उन्होंने कहा कि कुकी जनजातीय समुदायों के लिए मैतेइयों के साथ रहना मृत्यु के समान है। भारतीय संविधान के तहत एक पृथक कुकी प्रशासन के आह्वान ने कुकी मातृभूमि के लिए स्वायत्तता की मांग पर एक बहस को जन्म दिया है, जिसकी पृष्ठभूमि भारत की स्वतंत्रता के बाद से मणिपुर के राजनीतिक इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा रहा है। कुकी मातृभूमि या कुकीलैंड का विचार जले'न–गाम की अवधारणा पर आधारित है। जले'न–गाम थडौ–कुकी बोली का एक शब्द है जिसका शाब्दिक अर्थ 'स्वतंत्रता की भूमि' ह, जले'न–गाम कुकी जनजाति समुदाय द्वारा एक प्रस्तावित राजनीतिक इकाई या राज्य की कल्पना है जिसका उद्देश्य सभी कुकी जनजातियों को एक ही प्रशासनिक प्राधिकरण के तहत एकजुट करना है।

जले'न–गाम – मणिपुर में कुकी मातृभूमि 'कुकीलैंड' की मांग

जले'न–गाम से अभिप्राय कुकी जनजाति समुदायों के लिए भूमि पर राजनीतिक और प्रशासनिक स्वायत्तता की मांग से है, मणिपुर के कुकी समूहों द्वारा मणिपुर से एक स्वतंत्र राज्य बनाने की मांग की गई है। जिसमें मुख्य रूप से चुराचांदपुर, सेनापति, चंदेल और सदर पहाड़ी जिले शामिल है। कुकी बोली में जले'न–गाम का अर्थ "स्वतंत्रता की भूमि" है, जिसे जलेनगाम के नाम से भी जाना जाता है। यह नाम या विचार कुकी राष्ट्रवादियों द्वारा प्रस्तावित राजनीतिक क्षेत्रीय इकाई के संदर्भ में चुना गया था जो भविष्य में सभी कुकी जनजातियों को एक ही स्वायत्त प्रशासनिक प्राधिकरण के तहत एकजुट करेगा।

जले'न–गाम कुकी नेशनल ऑर्गेनाइजेशन (KNO) के अध्यक्ष पी.एस हाओकिप द्वारा प्रतिपादित एक वैचारिक अवधारणा है, उनके अनुसार इसका अर्थ है 'अपनी भूमि में लोगों की स्वतंत्रता'। हाओकिप ने ब्रिटिश शासन से पहले कुकी जनजातियों की पूर्व पैतृक पहचान को एकजुट करने और कुकी मातृभूमि को बहाल करने के उद्देश्य स जले'न–गाम की विचारधारा का प्रचार प्रसार किया। इसमें कुकी इतिहास, राष्ट्रवाद और पूर्व–औपनिवेशिक काल में तत्कालीन कुकी क्षेत्र की बहाली के सार को समझाया गया।

- कुकी पहचान और मणिपुर में कुकी राष्ट्रवाद का विकास

कुकी, एक सामान्य शब्द है जो विभिन्न उप–जनजातियों पर लागू होता है जैसे कि थाडौ, पाइते, हमार, सिमटे, गैंग्टे, वैफेई, गुइटे, राल्टे आदि। कुकी शब्द एक जातीय इकाई को संदर्भित करने वाला सामान्य शब्द है, जो उत्तर–पश्चिम म्यांमार (बर्मा), बांग्लादेश के चटगांव पहाड़ी इलाकों और पूर्वोत्तर भारत में फैले क्षेत्र में निवास करते है। उत्तर पूर्व भारत में, वे मुख्य रूप से मणिपुर, मिजोरम, असम, नागालैंड, त्रिपुरा और मेघालय राज्यों में हैं। मणिपुर में कुकी शब्द के प्रयोग से पहले उन्हें खोंगजाई के नाम से जाना जाता था। हालाँकि, यह अभी भी निश्चित रूप से ज्ञात नही है कि 'कुकी' शब्द की उत्पत्ति कहाँ से हुई है। एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका में दी गई परिभाषा के अनुसार, कुकी नामतलेइक नदी के दक्षिण में म्यांमार (बर्मा) से असम और बांग्लादेश को विभाजित करने वाली पहाड़ियों के दोनों किनारों पर रहने वाले जनजातियों के एक समूह को दिया गया नाम है।

कुकियों के बारे में पहली बार 1777 में वॉरेन हेस्टिंग्स के गवर्नर जनरल के कार्यकाल के दौरान सुना गया था,जब ये जनजातियाँ चटगाँव में अंग्रेजों पर बार–बार आक्रमण किया करती थीं। 1845 में, उनके बड़े पैमाने पर प्रवासन और विस्थापन ने पहाड़ी लोगों के पुराने कुकी निवासियों को चिंतित कर दिया। इस समस्या का समाधान हेतु मणिपुर के एक ब्रिटिश अधिकारी मैककोलोच ने उन्हें इस तरह से बसाया कि वे अनावृत सीमाओं पर रक्षक के रूप में कार्य करें।

कुकी राष्ट्रवाद का विकास भी नागाओं की तरह आरंभ हुआ, इसकी शुरुआत ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ कुकी समुदाय की लामबंदी से हुई। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान कुकी समुदाय के लोगों ने उन अंग्रेजों का विरोध किया जो उन्हें जबरदस्ती यूरोप में मजदूर के रूप में भेजना चाहते थे। यह घटना जिसे कुकी विद्रोह के नाम से जाना जाता है, इसे कुकी समुदाय का उपनिवेशवाद–विरोधी स्वतंत्रता संग्राम माना जाता है। क्षेत्र में नागाओं और अन्य जनजातीय समूहों को अपनी जातीय

मातृभूमि मिलने के साथ, कुकी समुदाय की युवा पीढ़ी भी अलग स्वायत्त राजनीतिक इकाई और कुकी मातृभूमि के लिए बेचौन और उग्र हो गए थे। 1980 के बाद से मणिपुर की पहाड़ियों में नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालिज्म (NSCN) के मजबूत होने से कुकी लोगों की हताशा कई गुना बढ़ गई है और पृथक कुकी मातृभूमि की मांग जोर पकड़ने लगी।

- पृथक कुकी मातृभूमि 'कुकीलैंड' की मांग

कुकी लोग लंबे समय से अपने जनजातीय समुदाय के लिए राजनीतिक व प्रशासनिक आत्मनिर्णय और स्वायत्तता की मांग कर रहे हैं। सबसे पहला मामला या घटना 1960 में जहां कुकी समुदाय ने अपने लिए एक अलग राज्य की मांग की थीय 1957 में राज्य में ग्राम प्रधानों के चुनाव के लिए हुए चुनाव के बाद कुकी लोगों ने अपनी अस्मिता के संरक्षण के लिए कुकी मातृभूमि की मांग की। कुकी समुदाय ने तर्क दिया कि ग्राम प्राधिकरण अधिनियम, 1956 के तहत ग्राम प्रधान को चुनने की प्रणाली को भूमि पर कुकी लोगों के अधिकारों को खत्म करने का एक साधन के रूप में प्रयोग किया गया है।

कुकियों में मैतेई लोगों के प्रति नाराजगी रही है क्योंकि उन्हें लगता है कि मैतेई बहुमत और प्रभुत्व वाली राज्य सरकार ने उनके क्षेत्रों को पिछड़ा रखा और उन्हें पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं दिया। उनके अनुसार मैतेई समुदाय मणिपुर की पूरी राजनीतिक अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करता है। 1980 के दशक में नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालिम की कुकी आबादी वाले क्षेत्र को ग्रेटर नागालिम में शामिल करने की मांग से नागा और कुकी समुदायों के मध्य विरोध का भाव पैदा हुआ। हालाँकि, 1990 के दशक में नागाओं के साथ हिंसक झड़पों और गतिरोध के बाद एक अलग कुकी राज्य की मांग राजनीतिक चर्चाओं में प्रमुख रही। 1992 से 1997 के मध्य नागा उग्रवादी समूहों द्वारा कुकी लोगों का जातीय संहार किया गया, जिसके बाद राज्य में पृथक या स्वतंत्र कुकीलैंड की मांग करने वाले कई कुकी सशस्त्र और उग्रवादी समूह सामने आए।

हालाँकि, मैतेईयों के प्रभुत्व वाली राज्य सरकार कुकीलैंड प्रादेशिक परिषद के निर्माण के विरूद्ध है क्योंकि वे इसे अलग कुकी मातृभूमि की मांग को मान्यता देने की दिशा में पहला कदम मानते हैं। मुख्यमंत्री की अपनी पार्टी के सात विधायकों सहित कुल दस कुकी विधायकों ने मई 2023 में कुकी समुदाय के लिए पृथक प्रशासन की मांग की थी। परंतु राज्य के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह

ने इस प्रस्ताव को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया और इसके विपक्ष में कहा कि मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता की हर कीमत पर रक्षा की जाएगी।



कुकी नेशनल फ्रंट द्वारा प्रस्तावित कुकीलैंड का मानचित्र

स्रोतः 2006 कुकी नेशनल फ्रंट (KNF) द्वारा भारत के प्रधान मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन पर आधारित मानचित्र

कुकी स्वायत्तता की मांग से संबंधित मुद्दे और चुनौतियाँ

हालाँकि मणिपुर के पहाड़ी क्षेत्रों में कुकीलैंड की मांग के अतिरिक्त स्वायत्तता की विभिन्न प्रकार की माँगें राजनीतिक और समसामयिक पटल पर सामने आई हैं, लेकिन इन माँगों के साथ कई मुद्दे और चुनौतियाँ भी जुड़ी हैं। प्रतिस्पर्धात्मक पहचान के साथ 'जातीय मातृभूमि' की प्रतिस्पर्धा का मुद्दाय विभिन्न पहाड़ी जनजातियों के मध्य भूमि और क्षेत्रीय दावेय स्वतंत्र या मुक्त मणिपुर का प्रश्न जिसकी वकालत घाटी–आधारित विभिन्न उग्रवादी समूहों द्वारा की जाती हैय और भारत

सरकार व मणिपुर राज्य सरकार की नीतियां एवं प्रतिक्रियाएँ मणिपुर के पहाड़ी क्षेत्रों में कुकी स्वायत्तता की माँग के प्रति कुछ प्रमुख मुद्दे और चुनौतियाँ हैं।

- प्रतिस्पर्धात्मक 'जातीय मातृभूमि' का मुद्दा

मणिपुर के पहाड़ी क्षेत्रों में कुकी स्वायत्तता के लिए प्रमुख चुनौतियों में से एक नागा और कुकी समूह के मध्य पहचान, भूमि और क्षेत्रीय दावों का विवाद है। दोनों जातीय समुदाय मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में एक साथ रहते थे। हालाँकि, नागाओं का दावा है कि मणिप्र के पहाड़ी इलाके उनकी 'पैतृक मातृभूमि' हैं और वे कुकियों को विदेशी मानते हैं और इन्हें 19वीं सदी के दौरान मणिपुर में अंग्रेजों के औपनिवेशिक प्रतिरोपण के रूप में स्पष्ट करते है। नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालिस्म–इसाक मुइवा (NSCN – IM) ने यह भी समान दावा किया है, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में कुकी मातृभूमि जैसा कोई विचार नहीं था। यह 1840 के दशक की बात है जब ब्रिटिश अधिकारी मैककोलोच ने ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ नागा प्रतिरोध को कम करने के लिए नागा पहाड़ियों में बड़ी संख्या में कुकियों को लाकर नागा पहाड़ी क्षेत्रों की जनसांख्यिकी चरित्र को परिवर्तित करने की एक व्यवस्थित नीति शुरू की थी। थोड़े ही समय में नागा पहाड़ियों में हजारों कुकी लोगों को विस्थापित किया गया। कुकी मातृभूमि स्थापित करने की मांग एक हालिया घटना है और यह मांग वास्तविक नागा क्षेत्र के भीतर ही है। मणिपुर के पहाड़ी क्षेत्रों के भूमि स्वामित्व के ऐसे दावों के आधार पर, नागा वर्तमान में चुराचांदपुर को छोड़कर मणिपुर के सभी पहाड़ी जिलों को अपने प्रस्तावित 'ग्रेटर नागालिम' के तहत एकीकरण की मांग कर रहे है। दोनों समुदायों के मध्य पहचान, भूमि और क्षेत्रीय दावों के ऐसे प्रतिस्पर्धी दावों के कारण, एनएससीएन (आईएम) ने मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में कुकियों के खिलाफ एक हिंसक जातीय अभियान शुरू किया, जो अंततः 1990 के दशक में नागा–कुकी हिंसक संघर्ष में परिवर्तित हो गया। अगस्त 2015 में एनएससीएन (आईएम) और भारत सरकार के मध्य 'भारत–नागा शांति समझौते' पर हस्ताक्षर किए गए। लेकिन, कुकी इनपी मणिपुर (KIP) जो कि मणिपुर में कुकी समुदाय का शीर्ष सामाजिक संगठन है, कुकी इनपी मणिपुर ने इस बात पर भी जोर दिया गया कि कुकी दो पक्षों के मध्य किसी भी शांति समझौते को तब तक स्वीकार नहीं करेंगे जब तक कि कुकी समुदाय के खिलाफ एनएससीएन (आईएम) जातीय हिंसा अभियान का मुद्दा हल नहीं हो जाता।

- जनजातीय समूहों के भीतर 'एकता' और 'सर्वसम्मति' का प्रश्न

हालाँकि कुकी समुदाय पृथक कुकी राज्य 'जेल'न–गाम' और नागा लोग 'ग्रेटर नागालिम' के रूप में अपनी 'जातीय मातृभूमि' की मांग कर रहे है, कुकी और नागा समुदायों के भीतर अंतर–जनजातीय प्रतिद्वंद्विता और गुटबाजी का मुद्दा उनकी संबंधित मांगों में किसी भी प्रकार की एकता और सर्वसम्मति संभव नहीं हो पाई है। इस अंतर–जनजातीय प्रतिद्वंद्विता और गुटबाजी के परिणामस्वरूप समुदायों के मध्य अनेक सशस्त्र हिंसक घटनाएँ एवं प्रतिरोध हुए है। कुको समुदाय के भीतर, अंतर–जनजातीय और कबिलाई प्रतिद्वंद्विता अलग 'कुकी–राज्य' की उनकी मांग में एकता और सर्वसम्मति की भावना को दूर करती है। हालाँकि ज्ञछ। का गठन शुरू में कुकी राज्य के एक अखिल–राजनीतिक संगठन के रूप में किया गया था, पहचान और नामकरण के मुद्दों पर मतभेद के कारण यह कुकी जनजातियों के एक साझा राजनीतिक मंच के रूप में उभर नहीं सका। इसके अलावा, विभिन्न कुकी सशस्त्र समूहों के मध्य प्रतिस्पर्धा और संघर्ष व उनके मध्य एक आम राजनीतिक एजेंडे की अनुपस्थिति कुकी मातृभूमि के किसी भी सार्थक समाधान खोजने की राह में बड़ी बाधाएं हैं।

- मणिपुर की 'क्षेत्रीय अखंडता' का मुद्दा

मणिपुर के पहाड़ी क्षेत्रों में कुकी मातृभूमि की स्वायत्तता के लिए एक और बड़ी चुनौती मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता का मुद्दा है। यद्यपि मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता को समय–समय पर स्वतंत्र कुकी मातृभूमि और ग्रेटर नागालिम की मांगों के रूप में चुनौती दी गई है। इसके अलावा, मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता पर ऐसी आशंकाओं के कारण प्रमुख घाटी आधारित मैतेई समुदाय मणिपुर के पहाड़ी क्षेत्रों में भारतीय संविधान की छठी अनुसूची के विस्तार की मांग का निरंतर विरोध करते है, इसे वे अलग कुकी मातृभूमि या ग्रेटर नागालिम के गठन के विस्तार के रूप में प्रस्तुत करते है।

- 'मुक्त मणिपुर' का मुद्दा

मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में कुकी मातृभूमि की स्वायत्तता की मांग के लिए एक और बड़ी चुनौती घाटी आधारित उग्रवादी समूहों द्वारा उठाया गया स्वतंत्र या मुक्त मणिपुर का मुद्दा है। 1960 के दशक से, घाटी स्थित सशस्त्र क्रांतिकारी और उग्रवादी समूह जैसे यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (UNLF), पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (PLF), रेवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट (RPF) आदि का गठन मणिपुर की स्वतंत्रता की स्थिति को बहाल करने के उद्देश्य से किया गया था। हालाँकि ये क्रांतिकारी समूह विभिन्न दृष्टिकोणों से मणिपुर के राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन को आगे बढ़ाते हैं,

लेकिन वे ज्यादातर 'मैतेई जातीय पहचान' पर आधारित हैं। घाटी आधारित उग्रवादी समूहों के ये आंदोलन मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा पर भी जोर देते हैं। मैतेई उग्रवादी समूहों द्वारा समर्थित मुक्त मणिपुर का यह प्रक्षेपण अलग कुकी मातृभूमि या नागालिम की मांगों का खंडन करता है।

- भारत सरकार और मणिपुर राज्य सरकार की नीतियां और प्रतिक्रियाएँ

भारतीय संविधान ने पूर्वोत्तर भारत के आदिवासियों की जातीय पहचान की रक्षा के लिए संविधान की छठी अनुसूची के प्रावधानों और पूर्वोत्तर भारतीय क्षेत्र में अनेक राज्यों का निर्माण के माध्यम से स्वायत्तता प्रदान की है। छठी अनुसूची के प्रावधानों के तहत पूर्वोत्तर भारत में समय–समय पर विभिन्न स्वायत्त परिषदें बनाई गई हैं। नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मेघालय, मणिपुर और मिजोरम जैसे कई राज्यों का गठन किया गया है और उन्हें भारत संघ में कुछ विशेष दर्जा और शक्तियां प्रदान की हैं। हालाँकि, 1986 में मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद, केवल परिषदें बनाई गईं और विभिन्न जातीय समूहों की स्वायत्तता माँग के लिए छठी अनुसूची के अंतर्गत क्षेत्रीय परिषद की स्थापना की गई। संक्षेप में, हाल के वर्षों में विभिन्न जातीय समुदायों की मांग के अनुरूप स्वायत्त परिषदों का निर्माण किया गया। इस प्रकार, पूर्वोत्तर भारत में मौजूदा राज्यों के क्षेत्रीय पुनर्गठन द्वारा जातीय आधार पर नए राज्यों का निर्माण भारत सरकार के लिए असंभव और अपरंपरागत प्रतीत होता है। मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता कुकी उग्रवादी समूह के साथ ैवदे पर त्रिपक्षीय समझौते' में मणिपुर की 'क्षेत्रीय अखंडता से समझौता न करने' के बिंदु को शामिल करने से भी स्पष्ट होती है।

मणिपुर राज्य सरकार की विभिन्न आदिवासी विरोधी नीतियों, अधिनियमों व विधानों और मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता ने अलग कुकी राज्य और मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में संविधान की छठी अनुसूची का विस्तार की मांग के लिए गंभीर चुनौती पेश की है। कई कुकी स्वायत्तता समर्थित समूह मणिपुर की राज्य सरकार को अल्पसंख्यक पहाड़ी जनजातियों पर प्रभुत्वशाली घाटी आधारित मैतेई समुदाय के संरचनात्मक प्रभुत्व का एक साधन के रूप में आरोपित करते है। उनके अनुसार, राज्य में राजनीति, विकास, शिक्षा और रोजगार आदि पर प्रमुख मैतेई समुदाय का एकाधिकार है। मणिपुर राज्य सरकार की नीतियों और प्रतिक्रिया कुकी मातृभूमि की स्वायत्तता की मांग के प्रति कड़ी चुनौती है।

उपरोक्त विश्लेषण से यह पता चलता है कि मणिपुर में कुकी समुदाय की जेल'न–गाम की मांग मेंकई गंभीर मुद्दे और चुनौतियाँ हैं। कुकी मातृभूमि की स्वायत्तता की मांग में अन्य जातीय समूहों मुख्य रूप से नागाओं की पहचान, भूमि और क्षेत्रीय दावों का प्रतिस्पर्धात्मक विरोध शामिल है। जेलश्न–गाम और ग्रेटर नगालिम की मांग में एक अतिव्यापी पहचान, भूमि और क्षेत्रीय दावे हैं। कुकियों के बीच अंतर–जनजातीय और कबिलाई प्रतिद्वंद्विता भी स्वायत्तता की मांग की दिशा में एक बड़ी चुनौती है। घाटी आधारित प्रमुख मैतेई समुदाय और संगठनों द्वारा परिकल्पित क्षेत्रीय अखंडता और मुक्त मणिपुर का प्रश्न कुकी समुदाय की स्वायत्तता की मांग में प्रमुख बाधाएं हैं। अंत में, भारत सरकार और मणिपुर राज्य सरकार की स्वायत्तता की मांग को अस्थिर करने वाली ताकत के रूप में देखने की प्रवृत्ति और राज्य की क्षेत्रीय अखंडता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता जेल'न–गाम की मांग के किसी भी सार्थक समाधान में एक और चुनौतीपूर्ण बाधा है।

संदर्भ सूचीः

Roy, Esha (2023). *The demand for a kuki homeland, its history and rationale.* The India Express

Arora, V & Kipgen, N (2017). *Demand for kukiland and kuki ethnic nationalism.* In Arora, V & Jayaram, N (eds) Democratisation in the Himalayas: Interests, Conflict and Negotiation. Oxon, Routledge

Haokip, P.S. (1998). *Zale'n-gam: The kuki Nation.* Manmasi: KNO Publication

Das, P (2023). *The Unfolding Kuki-Meitei Conflict in Manipur.* MP-IDSA

PTI (2023). *Manipur CM rejects demand for separate administration for Kuki Areas.* The Indian Express

Rajagopalan, S (2008). *Peace Accords in Northeast India: A journey over Milestones.* Policy Studies

Hoakip, T.T (2011). *Kuki Armed opposition movement*, Eastern Quarterly

Sharma, S.K (2016). *Ethnic Conflict and Harmonization: A Study of Manipur.* Vivekananda International Foundation

♦♦♦♦♦

3

जनजातीय अस्मिता व सांस्कृतिक संघर्षः मणिपुर के संदर्भ में

सृष्टि

शोधार्थी, राजनीति विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

मणिपुर, पूर्वोत्तर भारत का एक प्रमुख राज्य, जनजातीय विविधता व सांस्कृतिक समृद्धि के लिए जाना जाता है। यह राज्य विभिन्न जनजातियों का घर है, जिनमें से प्रमुख हैंः मैतेई, कुकी, नागा, और अन्य। इन जनजातियों की अनूठी सांस्कृतिक अस्मिताएं, परंपराएं व सामाजिक संरचनाएं हैं, जो मणिपुर की सांस्कृतिक विविधता को समृद्ध बनाती हैं। तथापि, यह सांस्कृतिक विविधता संघर्ष व टकराव का भी कारण बनती है, जो जनजातीय अस्मिता को प्रभावित कर रही है। इस लेख के अंतर्गत मणिपुर में जनजातीय अस्मिता व सांस्कृतिक संघर्ष के विभिन्न पहलुओं का परीक्षण करने का प्रयास किया जाएगा।

मुख्य रूप से मणिपुर की उपजाऊ घाटी में रहने वाले मैतेई बहुसंख्यक जातीय समूह बनाते हैं और ऐतिहासिक रूप से अधिक राजनीतिक व आर्थिक शक्ति रखते हैं (सिंह, 2020)। राज्य के प्रशासनिक तथा आर्थिक संरचना में उनका प्रभुत्व स्पष्ट है, जो प्रायः घाटी–आधारित हितों का पक्ष लेते हैं। सत्ता के इस संकेन्द्रण ने मणिपुर के अधिक दूरस्थ व संसाधन–समृद्ध पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाली कुकी व नागा जैसी पहाड़ी जनजातियों के मध्य आक्रोश को बढ़ावा दिया है (सरमा, 2021)। कुकी व नागा, जिनमें से प्रत्येक की भिन्न–भिन्न सांस्कृतिक प्रथाएँ व राजनीतिक आकांक्षाएँ हैं, लंबे समय से अधिक स्वायत्तता व मान्यता की माँग कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप घाटी में रहने वाले मीतेई लोगों के साथ टकराव हुआ है। भूमि व संसाधन विवाद इन समूहों के मध्य संघर्ष का एक प्रमुख स्रोत हैं। घाटी और पहाड़ी समुदायों के मध्य विभाजन ने भूमि उपयोग, वन संसाधनों व क्षेत्रीय दावों पर प्रतिस्पर्धा को जन्म दिया है। उदाहरण के लिए, घाटी के विकास के पक्ष में नीतियों की शुरूआत प्रायरू पहाड़ी जनजातियों द्वारा पारंपरिक रूप से उपयोग की जाने वाली भूमि पर अतिक्रमण करती है (भट्टाचार्य, 2019)। नागा समुदाय की भिन्न प्रशासनिक व्यवस्था की माँग, कुकी की स्वायत्तता की माँग के साथ मिलकर इन विवादों को और बढ़ाती है और प्राकृ

